## एक नजर में

### इनरव्हील ने किया विश्व जल दिवस पर प्याऊ का शुभारंभ, राहगीरों को मिलेगा शीतल जल




**मंदसौर।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में शहर में सामाजिक सरोकार की एक सराहनीय पहल करते हुए इनरव्हील क्लब मंदसौर के तत्वावधान में मेहता परिवार द्वारा ''सज्जन शीतल प्याऊ'' का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती निर्मला मेहता एवं नरेंद्र मेहता परिवार एवं अन्य सदस्यों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने कहा कि जल ही जीवन है, और आज के समय में जल संरक्षण के साथ-साथ जरूरतमंदों को स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से जल बचाने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया। प्याऊ के माध्यम से राहगीरों, मजदूरों एवं आमजन को भीषण गर्मी में ठंडा एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें काफी राहत मिलेगी। अंत में शशि झलोया, हंसा रंगवाला, शांता मेहता, नंदा मेहता, मनीषा मेहता, डॉ. मीनल मेहता, तृप्ति मेहता सभी ने मिलकर जल संरक्षण का संदेश देते हुए समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। यह पहल शहरवासियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है। इनरव्हील क्लब प्रार्थना एडिटर किरण भामावत द्वारा प्रस्तुत की गई। संचालन पूर्व अध्यक्ष दीपा रांका का द्वारा किया गया, आभार उपाध्यक्ष अंजना पटेल द्वारा माना गया।

### मंदसौर में 7 करोड़ की लागत से बनेगा नया सीसी रोड, विधायक विपिन जैन ने दिए अहम सुझाव



**मंदसौर।** मंदसौर शहर के विकास को नई दिशा देने के लिए काबरा पेट्रोल पंप से राजाराम फैक्ट्री (रतलाम-नसीराबाद मार्ग) तक सड़क निर्माण कार्य को लेकर पहल तेज हो गई है। इस संबंध में लोकप्रिय विधायक विपिन जैन ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को पत्र लिखकर निर्माण कार्य में विशेष प्रावधान शामिल करने की मांग की है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के मुख्य बजट में इस मार्ग के लिए लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से सीसी रोड एवं चौड़ीकरण कार्य स्वीकृत किया गया है। यह मार्ग शहर का प्रमुख व्यावसायिक मार्ग है, जहां बड़ी संख्या में व्यापारिक गतिविधियां संचालित होती हैं। विधायक जैन ने अपने पत्र में सुझाव दिया है कि गोविंद मिष्ठान से राजाराम फैक्ट्री तक सड़क के बीच लगभग ढाई फीट ऊंचे डिवाइडर बनाए जाएं। इन डिवाइडरों पर पेड़-पौधे लगाकर मार्ग की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की संभावना को भी कम किया जा सकेगा। इसके अलावा, जहां-जहां मार्ग के बीच शासकीय भूमि उपलब्ध है, वहां छोटी-छोटी पार्किंग विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को पार्किंग की सुविधा मिल सकेगी। विधायक श्री जैन ने विभाग से अनुरोध किया है कि निर्माण कार्य के दौरान इन सुझावों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाए, ताकि शहरवासियों को बेहतर और सुरक्षित सड़क सुविधा का लाभ मिल सके।

## भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को भारत रत्न देने की मांग




**मंदसौर।** महान क्रांतिकारियों के लिए समर्पित देश के प्रथम संगठन दशपुर जागृति संगठन ने 23 मार्च को, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस (शहीद दिवस) पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में देशभक्त संगठन के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक गांधी चौराहे पहुंचे और मशाल प्रज्वलित कर तीनों शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन द्वारा भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को 'भारत रत्न' देने की जो मांग की जा रही है, इस आवाज को दिल्ली तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही, संगठन द्वारा तीनों महान क्रांतिकारियों की प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए 'क्रांति चौराहे' की जो मांग है, उसे भी जल्द ही संज्ञान में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन लगातार राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र-जागरण का कार्य कर रहा है, इसकी गतिविधियां अत्यंत पवित्र हैं और नगरपालिका इसमें पूरा सहयोग करेगी। संगठन की विचारधारा अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचानी जाने लगी है; यह मंदसौर का सौभाग्य है कि आज तीनों महान क्रांतिकारियों को याद किया जा रहा है। इसमें दशपुर जागृति संगठन का बहुत बड़ा योगदान है।

इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने शपथ दिलाते हुए कहा, 'मैं आज 23 मार्च, शहीद दिवस पर शपथ दिलाता हूं कि भारत में ब?रहे भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए संगठन संघर्ष करता रहेगा। देश के महान क्रांतिकारियों की स्मृति को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए इसे अपने समय और धन से संचालित करता रहेगा।' उन्होंने कहा कि संगठन धर्म, जाति एवं राजनीति के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रखेगा।

संगठन के संरक्षक रवींद्र पांडे ने कहा कि हमें गर्व है कि आज हम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर रहे हैं। यह सौभाग्य हमें देशभक्त संगठन दशपुर जागृति संगठन ने प्रदान किया है। संरक्षक राजाराम तंवर ने कहा कि पिछले 16 वर्षों से लगातार यह कार्यक्रम आयोजित कर संगठन ने नगर में एक पहचान बनाई है। हम मांग करते हैं कि नगरपालिका इन तीन महान क्रांतिकारियों के सम्मान में एक चौराहे का नाम क्रांति चौराहा रखे।

संगठन के वरिष्ठ सदस्य अरुण गौड़ ने कहा कि संगठन का अगला कदम अधिक से अधिक देशभक्त नागरिकों को जोड़ना और देश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना होगा। संगठन के परामर्शदाता सुनील बंसल ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को बहुत पहले ही भारत रत्न दिया जाना चाहिए था। यह खेद का विषय है कि सदन में मौजूद रहने के बावजूद इस पर प्रभावी आवाज नहीं उठाई गई। यदि राष्ट्र अपने क्रांतिकारियों को उचित सम्मान नहीं दे सकता, तो भावी पीढ़ी में देशभक्ति कैसे आएगी?



## नि:शुल्क शिविर में 82 लोगों की जांच

> ▸ महावीर जिनालय महिला मण्डल ने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर लगाया

**मंदसौर। श्री दिगम्बर जैन महावीर जिनालय महिला मण्डल द्वारा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सागर (म.प्र.) के आयुर्वेदरत्न डॉ अंशुल गुप्ता ने अपनी टीम के साथ सेवाएं प्रदान की। रविवार को प्रात: 9 से 1 व शाम 3 से 8 बजे तक चले शिविर में 82 रोगियों का उपचार किया गया।**

महिला मण्डल की संस्थापक डॉ. चंदा कोठारी ने बताया शिविर में एनालाइजर मशीन द्वारा सम्पूर्ण शरीर की स्कैनिंग कर शरीर में होने वाले रोगों की जानकारी ज्ञात कर परामर्श दिया गया। शिविर में किडनी, लीवर, हार्ट, जोड़ों के दर्द, घुटनों के दर्द, साइटिका, गठिया, एलर्जी, पथरी, अस्थमा, कैंसर, साइनस, मोटापा, थायराइड, डिप्रेशन, एक्जिमा आदि से संबंधित असाध्य रोगों का नि:शुल्क उपचार किया गया।

सेठ अशोक कुमार सर्राफ मेमोरियल ट्रस्ट, अग्रवाल हेल्थ केयर सागर के सहयोग से आचार्य विद्यासागर आरोग्य सेतु योजना के अन्तर्गत इंदौर के विशेष अस्पतालों में जाँच में विशेष छूट भी दी जाने का प्रावधान किया गया।

प्रारंभ में जिनालय के संरक्षणगण श्री शांतिलाल बड़जात्या व एड. पवन कुमार अजमेरा ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। चिकित्सकों का स्वागत महिला मण्डल संयोजक ज्योति बड़जात्या, टीला पाटनी व शालिनी झांझरी ने किया।




### राज्यपाल ने किया यूपीवीसी उद्योग का उद्घाटन

**मंदसौर/नाहरगढ।** जिले के जग्गाखेड़ी में आज सोहरा यूपीवीसी उद्योग का शुभारंभ महामहिम राज्यपाल कर्नाटक थावरचंद गहलोत द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, मंदसौर विधायक विपिन जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा सतीश मालवीय, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल गहलोत ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर युवा आगे बढ़ें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल नौकरी पाने तक सीमित न रहें, बल्कि स्वयं उद्यम स्थापित कर अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान करें। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर उद्योग से संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि यूपीवीसी एक अत्यंत लोकप्रिय एवं टिकाऊ कंस्ट्रक्शन मटेरियल है, जिसका उपयोग मुख्यत: खिड़कियों एवं दरवाजों के निर्माण में किया जाता है। यह पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ लंबे समय तक टिकाऊ और कम रखरखाव वाला विकल्प है, जिसके कारण आजकल घरों और कार्यालयों में इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

**एक नजर** ▸ सुशासन भवन में हुई अंतर विभागीय समीक्षा बैठक

## एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए रोज लगाएं कैंप



**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल में एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए प्रतिदिन विशेष कैंप चलाएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। नगर पालिका सीएमओ को अभियान में विशेष समन्वय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पार्षदों के साथ बैठक आयोजित कर बच्चों एवं उनके माता-पिता की काउंसलिंग करने और उन्हें एचपीवी वैक्सीनेशन को प्रेरित करने पर जोर दिया गया।

जिला आपूर्ति अधिकारी को एलपीजी गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। भूमि आवंटन के संबंध में निर्देशित किया गया कि नगरीय निकाय किसी भी विभाग की भूमि से मार्ग निकालने से पूर्व संबंधित विभाग की अनुमति अनिवार्य रूप से लें।

बैठक में राजस्व वसूली की समीक्षा भी की गई। इसके अतिरिक्त अलसी डंठल प्रबंधन पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने किसानों की पहचान कर रेशा निर्माण की दिशा में कृषि विभाग को आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नीमच

## एक नजर में

### कोटड़ी इस्तमुरार में सरकारी कुएं में तोड़फोड़, जल आपूर्ति ठप



**नीमच।** जिले के जनपद पंचायत जीरन अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटड़ी ईस्तमुरार से एक गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां शासकीय पेयजल व्यवस्था के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ और तोड़फोड़ की घटना ने पूरे गांव को जल संकट में डाल दिया है। बताया जा रहा है कि गांव के शासकीय पेयजल कुएं पर अज्ञात नहीं बल्कि एक नामजद व्यक्ति, अरुण सिंह पिता प्रहलाद सिंह परिहार, पर मोटर से जुड़े पाइप काटने और मोटर को कुएं में फेंकने का आरोप लगा है। इसके साथ ही स्टार्टर चोरी करने और वाटर वाल्व के पास आग लगाने जैसी घटनाओं की भी शिकायत सामने आई है। इस घटना के बाद गांव की पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गईहै, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीने के पानी जैसी बुनियादी जरूरत प्रभावित होने से गांव में आक्रोश और चिंता का माहौल है। ग्राम पंचायत द्वारा दी गई शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने रात के समय ड्यूटी पर तैनात वाटरमैन को धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, कुएं में जहरीला पदार्थ डालने की चेतावनी देने का भी आरोप है, जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। पंचायत का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। संबंधित व्यक्ति पहले भी इस तरह की हरकतें कर चुका है और शासकीय जमीन व कुएं को निजी बताकर विवाद खड़ा करता रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्राम पंचायत कोटड़ी ईस्तमुरार के सरपंच और सचिव ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच, आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और गांव की पेयजल व्यवस्था को जल्द बहाल करने की मांग की है।

### सामाजिक संगठनों ने शहीद दिवस पर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**नीमच।** शहीद दिवस 23 मार्च के अवसर पर अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम हरि राजगुरु की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक एवं वंदे मातरम वाटिका में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों के सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने अमर शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। माल्यार्पण के पश्चात वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अमर शहीदों ने देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ एक समान, शोषणमुक्त और न्यायपूर्ण भारत का सपना देखा था, जिसे साकार करना आज भी हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह साम्राज्यवाद, सांप्रदायिकता और सामाजिक असमानता के विरोधी थे तथा वे जागरूक, शिक्षित और समानता आधारित समाज का निर्माण चाहते थे।

## जीरन और चिताखेड़ा में तीन प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

> ▸ खाद्य औषधि प्रशासन टीम की कार्रवाई में 11 सैंपल लिए, जांच के बाद कार्रवाई



**नीमच। जिला कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर के निर्देश अनुसार, 23 मार्च को अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधी प्रशासन नीमच डॉ. दिनेश प्रसाद के मार्गदर्शन में खाद्य एवं प्रशासन नीमच की टीम द्वारा जीरन एवं चिताखेड़ा में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत आकस्मिक निरीक्षण किए गए एवं निरीक्षण उपरांत जांच के नमूने लिए गए। विवरण इस प्रकार है।**

फर्म श्रीकृष्ण कन्हैया दूध डेरी जीरन जिला नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर विक्रय हेतु भंडारीत खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध के 2 नमूने जांच हेतु लिए गए एवं मौके पर मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र, स्स्वस्थ्य ट्रेनिंग प्रमाण पत्र नहीं होने एवं साफ, सफाई नहीं होने पर उक्त अधिनियम की धारा 32 का नोटिस जारी किया गया।

फर्म शांभवी फूड्स जीरन जिला नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर विक्रय हेतु निर्मित भंडारीत खाद्य पदार्थ शांभवी घी, उक्त घी के निर्माण हेतु भंडारीत क्रीम एवं मौके पर निर्मित मूंगफली का तेल, सरसों का तेल, तिल्ली का तेल के कुल 5 नमूने जांच हेतु लिए गए। एवं मौके पर साफ, सफाई नहीं पाई जाने, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र, आदि प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त अधिनियम की धारा 32 के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किए गए।

फर्म शर्मा सेल्स एजेंसी चिताखेड़ा जिला नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर विक्रय हेतु भंडारीत खाद्य पदार्थ साबूदाना, मसूर दाल, मूंगदाल छिलका, चना दाल के नमूने 4 जांच हेतु लिए गए।

समस्त खाद्य कार्यकर्ताओं को मौके पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का पालन करने और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों के निर्माण के निर्देश दिए गए। उक्त लिए गए समस्त नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ईदगाह हिल्स भोपाल भेजे गए हैं जांच रिपोर्ट प्राप्त करने के उपरांत विधियां अंतर्गत आगामी कार्रवाई की जाएगी।

जिला कलेक्टर महोदय के निर्देश अनुसार जिलेभर में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों के आकस्मिक निरीक्षण की कार्यवाही सतत जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू सोलंकी एवं यशवंत कुमार शर्मा द्वारा की गई।




## टीबी मरीजों को मिला पोषण का सहारा जिला अस्पताल में 200 राशन किट बांटे

> ▸ दवा के साथ आहार भी जरूरी, सीएसआर पहल से मरीजों को मिली नई उम्मीद

**नीमच।** जिला चिकित्सालय में टीबी मरीजों के लिए पोषण सहयोग की सराहनीय पहल सामने आई है। धीरेन्द्र सोया एग्रो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत करीब 200 मरीजों को फूड बास्केट राशन किट वितरित किए गए।

इस पहल का उद्देश्य टीबी से जूझ रहे मरीजों को दवाइयों के साथ आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना है, ताकि उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो सके। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी में संतुलित आहार की अहम भूमिका होती है और इसी सोच के साथ यह सेवा कार्य किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. महेंद्र पाटील और डॉ. मनीष यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि मरीजों को समय पर दवाइयों के साथ पौष्टिक आहार मिले, तो उनके ठीक होने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

संस्था की ओर से यह भी बताया गया कि यह सिर्फ एक बार का आयोजन नहीं है, बल्कि वर्षभर विभिन्न सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता की जाती है। आने वाले समय में ऑर्थोपेडिक मरीजों के लिए भी आवश्यक उपकरण और सहयोग उपलब्ध कराने की योजना है। कार्यक्रम में अस्पताल स्टाफ, मरीज और उनके परिजन भी मौजूद रहे। यह पहल न केवल उपचार, बल्कि मानवीय संवेदना का भी उदाहरण बनकर सामने आई है।

**एक नजर** ▸ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अधिकाधिक जल संरक्षण के कार्य चिह्नित कर तेजी से करवाएं पूर्ण

## कलेक्टर ने की जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की समीक्षा



**नीमच।** जिले में 19 मार्च से शुरू जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी विभाग जल संरक्षण संरचनाओं के अधिकाधिक कार्य चिन्हित कर अपने विभाग की विस्तृत कार्य योजना तैयार कर, उसका समय सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

अभियान में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नही की जावेगी। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष नीमच में जल गंगा सवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान सभी विभागों के जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओं श्री अमन वैष्णव, डीएफओं श्री एस.के. अटोदे, जल संसाधन, लो.स्वा.यां.विभाग, ग्रा.या.सेवा., लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, उपयंत्री सहायक यंत्री एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सभी नगरीय निकायों को अमृत 1.0 के तहत निर्मित जल संरचाओं के जीर्णोद्धार, नालों नदियों के शोधन की कार्य योजना तैयार करने, जल संवर्धन संरचाओं से अतिक्रमण हटाने, नदी नालों की साफ-सफाई, हरित क्षेत्र विकास एवं पौधा रोपण की तैयारी करने के निर्देश दिए गये। बैठक में वन विभाग को वन क्षेत्रों में बोल्डर चेक डेम, डबरा डबरी, भूजल संरक्षण कार्य, वन क्षेत्र मे पूर्व से निर्मित तालाबों के गहरीकरण के कार्य करवाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल चौपाल करें-: बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी जनपद सीईओं और सभी सी.एम.ओं. को निर्देश दिए कि वे सभी नगरीय क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर जल चौपाल आयोजित करें और इन जल चौपालों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित करें। जल चौपाल के आयोजन दौरान जल संरचनाओं की साफ-सफाई एव स्वच्छता के लिए श्रमदान के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाए। बैठक में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 221 जल संरचनाओं का जनसहयोग से गहरीकरण कर मिट्टी निकालने के लिए चिन्हित किया गया है। साथ ही 66 जल संरचनाए, जीर्णोद्धार के लिए चिन्हित की गई है। जिले में 30 अमृत सरोवर निर्माण कार्य एवं 371 नवीन खेत तालाब निर्माण के कार्य भी चिन्हित किए गए है।

कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वीकृत कार्य समय सीमा में पूर्ण करवाने के निर्देश सभी कियान्वयन ऐजेसियों को दिए है। अभियान के तहत स्वीकृत एवं पूर्ण किया जाने वाले कार्यो की जानकारी नियतिम रूप से पोर्टल पर दर्ज करवाने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए गये है।